प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

# जमशेदपुर शहर के 3836 बेघर लोगों को मिला अपने 'सपनों का घर', सरकार के प्रयास हो रहे कारगर

## 55 दिव्यांग व 153 वरिष्ठ नागरिकों को भू-तल पर आवंटित किया गया आवास

## 3836 लोगों के घर का सपना साकार





- बिरसानगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए चयनित
- लॉटरी के जरिए किया गया आवंटन. कुल 9592 आवास बनेंगे

**जमशेदपुर :** हर इंसान का सपना होता है कि उसका अपना घर हो. कम आयवर्ग के लोगों के घर का सपना साकार कर रही है प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी). इसके तहत बिरसानगर में 9592 आवास का निर्माण किया जा रहा है. गुरुवार को इस योजना के तहत पहले चरण का आवंटन लॉटरी के जरिए किया गया. 3836 लोगों को आवास आवंटित हुआ. सिदगोड़ा स्थित टाउन हॉल प्रांगण में हजारों की संख्या में उपस्थित लाभुकों के बीच उपायुक्त सूरज कुमार की अध्यक्षता मे कुल 3836 लाभुकों को लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटन किया गया. उक्त 3836 लाभुकों में 55 दिव्यांग तथा 153 वरिष्ठ नागरिकों को भू तल पर तथा शेष 3628 को प्रथम तल से आठवें तल तक आवास आर्वटित किया गया. कार्यक्रम मे सभी लाभुक आवास आवंटन को लेकर काफी उत्साहित थे. कार्यक्रम मे मुख्य के रूप से उप विकास आयक्त, अपर जिला दंडाधिकारी,

## लॉटरी से 3836 लाभुकों को मिले पीएम आवास

**जमशेदपुर, 23 दिसंबर ( रिपोर्टर ) :** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक 3 अंतर्गत बिरसानगर किफायती आवास परियोजना के तहत पांच हजार रुपये जमा कर पंजीकरण करानेवाले लाभुकों को आज सिदगोड़ा टाउन हॉल प्रांगण में उपायुक्त सूरज कुमार सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में कुल 3836 लाभुकों को रैंडमाइज लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटन किए गए, गौरतलब है कि कुल



9592 आवासों का निर्माण किया जाना है. आज आवंटित किये गए आवासों के 3836 लाभुकों में कुल 55 दिव्यांग तथा 153 वरिष्ठ ( शेष पेज दो पर )

## लॉटरी के माध्यम से 3836 लाभुकों के बीच बिरसानगर किफायती आवास का आवंटन



छाया : राजेश तिवारी

जमशेदपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक 3 अंतर्गत बिरसानगर किफायती आवास परियोजना के तहत 5000–रुपये जमा कर पंजीकरण कराने वाले लाभुकों को आज सिदगोड़ा स्थित टाउन हॉल प्रांगण में उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम की उपस्थिति में कुल 3836 लाभुकों को लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटन किया गया। गौरतलब है कि कुल 9592 आवास का निर्माण किया जाना है। आज आवंटित किये गए आवास के 3836 लाभुकों मे कुल 55 दिव्यांग तथा 153 वरिष्ठ नागरिकों को संशोधित ˋवऺ के अनुरूप भूतल तथा शेष 3628 सामान्य कोटी को प्रथम तल से आठवें तल तक आवास आवंटित किया गया । कार्यक्रम में सभी लाभुक आवास आवंटन को लेकर काफी उत्साहित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, अपर जिला दंडाधिकारी(विधि व्यवस्था), जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पधाधिकारी, अंचल अधिकारी, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रति. निधि, मंत्री के कार्यालय प्रभारी, नगरीय प्रशासन निदेशालय के विशेषज्ञ, जुडको के अधिकारी आदि उपस्थित थे। विशेष पदाधिकारी जमशेदपुर अक्षेस ने बताया कि जमशेदपुर अक्षेस के वेबसाइट से सूची डाउनलोड कर अपने सर्वे आईडी खोज कर अपने आवास का फ्लैट संख्या, किस ब्लॉक के किस तल पर नाम निकला है कि जानकारी लाभुक प्राप्त कर सकते हैं । इसके साथ ही कार्यलय में 200 लाभुकों को प्रतिदिन कॉल कर या मैसेज के माध्यम से कार्यालय में बुला कर आवंटन पत्र निर्गत किया जाएगा जिसके उपरांत 30 दिनों के अंदर प्रथम किश्त के रूप में 20000 रुपये केनरा बैंक बिष्टुपुर की शाखा में जमा करने हेतु समय दिया जाएगा।

जेएनएसी में 3836 लाभुकों में लॉटरी से हुआ आवास का आवंटन, लाभुक डेढ़ वर्ष बाद शिफ्ट हो सकेंगे घर में

## पीएम आवास : अपने घर का सपना हुआ सच

घर का सुख



नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA